# सारे जग में डंका बाजे मेरे खाटू वाले का लिरिक्स

कलयुग में है नाम प्यारा,
खाटू वाले का,
सारे जग में डंका बाजे,
मेरे खाटू वाले का।bd।

---

रींगस से चल पैदल आते,
तेरे भक्त प्यारे,
हाथों में निशान उठाये,
लाये तेरे जयकारे,
हर एक प्रेमी हुआ दीवाना,
श्याम प्यारे का,
सारे जग में डंका बाजें,
मेरे खाटू वाले का।bd।

---

सेठों का वो सेठ कहावे,
मेरा खाटू वाला,
एक मिनट में खोल है देता,
बंद किस्मत का ताला,
एक बार बस बोल के देखो,
नाम प्यारे का,
सारे जग में डंका बाजें,
मेरे खाटू वाले का।bd।

---

खाटू में दरबार तुम्हारा,
आये भक्त प्यारे,
कढ़ी कचोरी खाते खाते,
लेते बड़े नज़ारे,
'कुश कन्हैया' कीर्तन करता,
श्याम प्यारे का,
सारे जग में डंका बाजें,
मेरे खाटू वाले का।bd।

---

कलयुग में है नाम प्यारा,
खाटू वाले का,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com